भारत सरकार

खान मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 62

17 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

क्रोमाइट अयस्क वाले राज्यों की स्थिति

62. डा॰ विकास महात्मेः

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में किन-किन राज्यों में क्रोमाइट अयस्क का खनन हो रहा है;

(ख) उन राज्यों में अब तक पट्टे पर दी गई क्रोमाइट अयस्क खानों की संख्या का सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र-वार पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उन राज्यों में कुछ क्रोमाइट खानें बंद कर दी गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनके बंद किए जाने के राज्य-वार कारण क्या है?

उत्तर

खान, विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) : खान मंत्रालय में उपलब्ध सूचना के अनुसार देश में ओडिशा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मणिपुर, नागालैंड, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश में क्रोमाइट पाया जाता है।

(ख) : दिनांक 01.04.2017 की स्थिति अनुसार सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में क्रोमाइट के लिए पट्टे पर दी गई खानों की संख्या निम्नवत है।

क्र. सं.	राज्य	सार्वजनिक क्षेत्र		निजी क्षेत्र	
		कार्यशील	गैर-कार्यशील	कार्यशील	गैर-कार्यशील
(i)	ओडिशा	04	08	09	06
(ii)	कर्नाटक	00	05 (6पट्टे)	00	00
(ii)	महाराष्ट्र	00	00	01	00
कुल		**04**	**13**	**10**	**06**

(ग) से (घ): खान मंत्रालय में उपलब्ध सूचना के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र में क्रोमाइट की 13 खाने और निजी क्षेत्र में 06 खाने कार्यशील नहीं है/बंद है। इनके गैर-कार्यशील/बंद होने का कारण, भूमि अधिग्रहण का प्रक्रियाधीन होना, खुली खुदाई से भूमिगत में परिवर्तन, सांविधिक अनापत्ति न मिलना अर्थात खनन पट्टा नवीकरण का निष्पादन न होना, पट्टे का व्यपगत होना आदि हैं।

****